(c) the number of employees who have taken leave on that particular day and the action taken against them ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHANA POOJARY) (a) and (b) As per the information available with Punjab & Sind Bank, no instance of the bank employees forcibly closing the bank's branches on the day following army action in Punjab has come to the notice of the bank.

(c) At some places, employees are reported to have gone on causal leave on the day following army action in Punjab. Information relating to the number of such employees is being collected and will be laid on the Table of the House to the extent available.

मृत अफीम उत्पादकों के पुत्रों को दिए गए लाइसेंस

4639. **श्री चतुर्भुज** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोटा-झालावाड़ और चित्तोड़गढ़ जिलों में वर्ष 1983-84 के दौरान कितने अफीम उत्पादकों को, उनके पिता के मरने के बाद लाइसेंस दिए गए हैं;

(ख) क्या कुछ मामलों में अधिकारियों ने केवल जिला मुख्यालयों में ही फोती पट्टा लाइसेंस (मृत्यु पट्टा लाइसेंस) दिये जबकि कुछ मामलों में नियमानुसार ब्लाक केन्द्रों पर अफीम के लिए "फोती पट्टा" जारी किए गए हैं; और

(ग) क्या इन मामलों में सतर्कता विभाग द्वारा जांच करायी जायेगी और दोषी अधिकारियों को दण्ड दिया जायेगा और तथ्य सदन के सभा-पटल पर रखें जायेंगे ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस. एम. कृष्णा) (क) वर्ष 1983-84 के दौरान जिन अफीम उत्पादकों को उनके पिता की मृत्यु के पश्चात् लाइसेंस दिए गए हैं, उनकी जिला-वार संख्या निम्नलिखित है :—

जिला	लाइसेंसों की संख्या
कोटा	215
झालावाड़	301
चित्तोड़गढ़	499
	1015

(ख) और (ग) ऊपर भाग (क) में उल्लिखित कुल 1015 लाइसेंसों में से 830 लाइसेंस स्थानीय केन्द्रों पर जारी किए गए थे। बाकी के मामलों में, जहां काश्तकार समझौता-केन्द्रों पर उपस्थित नहीं हुए अथवा संगत कागजात प्रस्तुत नहीं किए, वहां लाइसेंसों को उप-नारकोटिक आयुक्त के सत्यापन एवं अनुमोदन के पश्चात जिला केन्द्रों पर जारी किया गया था।

ऐसी रिपोर्ट मिली है कि गैर-कानूनी रिश्वत लेने संबंधी दो शिकायतें प्राप्त हुई थीं। विभाग द्वारा उनकी जांच-पड़ताल की गई तथा उन्हें बेबुनियाद पाया गया। इन परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में सतर्कता जांच कराए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।